दिन– गुरूवार | दिनांक– 04 / 12 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. जदयू के वरिष्ठ नेता नरेंद्र नारायण यादव बिहार विधानसभा के उन्नीसवें उपाध्यक्ष होंगे। आज होगी निर्वाचन की औपचारिक घोषणा।

02. विधानमंडल के दोनों सदनों में आज राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा और सरकार का उत्तर होगा।

03. बाल विवाह मुक्त भारत के लिए सौ दिन के गहन जागरूकता अभियान की हो रही है आज से औपचारिक शुरूआत।

04. और, पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर ठंड में बढ़ोतरी। मौसम विभाग का पूर्वानुमान– अगले चौबीस घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की और गिरावट की संभावना।

---

बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष का चुनाव आज होगा। विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने बताया कि जदयू के वरिष्ठ नेता नरेंद्र नारायण यादव ने उपाध्यक्ष पद के लिए कल नामांकन किया। उनके निर्वाचन की औपचारिक घोषणा आज की जाएगी। श्री यादव विधानसभा के उन्नीसवें उपाध्यक्ष होंगे। वे लगातार दो बार विधानसभा उपाध्यक्ष के लिए निर्वाचित होंगे। विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि आज ही राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां के अभिभाषण पर चर्चा और सरकार का उत्तर होगा।

–––बाइट–––

विधान परिषद में भी आज राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा होगी।

---

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने विधान मंडल में प्रस्तुत ग्यारह विधेयकों पर अपनी सहमति प्रदान की है। इनमें बिहार विनियोग संख्या–तीन विधेयक, बिहार हिन्दू न्यास विधेयक, बिहार विशेष सर्वेक्षण और बंदोबस्त विधेयक, बिहार कृषि भूमि विधेयक शामिल हैं। विधान मंडल के दोनों सदनों के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि कानून का राज बनाए रखना और युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता होगी। श्री खां ने कहा कि सरकार अगले पांच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को सरकारी नौकरी और रोजगार प्रदान करेगी।

———बाइट———

राज्यपाल ने कहा कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत जिन महिलाओं का रोजगार अच्छा चलेगा, उन्हें दो लाख रुपये तक की अतिरिक्त सहायता प्रदान की जाएगी।

———बाइट———

---

विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण के बाद वित्त मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस का द्वितीय अनुपूरक बजट पेश किया। इस बजट का आकार इक्यानवे हजार सात सौ सत्रह करोड़ रुपये से अधिक का रखा गया है। बजट में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के लिए इक्कीस हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। वहीं, मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना के लिए एक हजार आठ सौ पचासी करोड़ से अधिक की राशि का प्रावधान है।

---

विधानसभा के चालू सत्र के लिए पांच अध्यासी सदस्य बनाए गए हैं। विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने भाजपा के राम नारायण मंडल, जदयू के रत्नेश सादा, राजद के भाई वीरेन्द्र, कांग्रेस के कमरूल होदा और हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा की ज्योति देवी को अध्यासी सदस्य बनाए जाने की घोषणा की।

---

प्रदेश के विश्वविद्यालयों में सीनेट सदस्य और अन्य बोर्ड के सदस्य अब मनोनीत किये जायेंगे। इनके मनोनयन के लिए विधानसभा अध्यक्ष को प्राधिकृत किया गया है। संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने विधानसभा में इस आशय का प्रस्ताव रखा, जिसे सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। गौरतलब है कि विधानसभा के दस सदस्यों का मनोनयन विभिन्न विश्वविद्यालयों के सीनेट में किया जाता है।

---

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि प्रदेश में पुलिस बलों को बुनियादी सुविधा की मजबूती के लिए गृह विभाग ने सत्ताईस करोड़ सत्तावन लाख रुपये की लागत की तीन परियोजनाओं को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि नवादा, समस्तीपुर और लखीसराय में आवास, भवन और आधारभूत संरचना के निर्माण के लिए राशि स्वीकृत की गई है।

---

महिला और बाल विकास मंत्रालय बाल विवाह मुक्त भारत के लिए आज से सौ दिन के गहन जागरूकता अभियान की औपचारिक शुरूआत कर रहा है। केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्पूर्णा देवी की उपस्थिति में यह कार्यक्रम नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित होगा। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

---

रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में दिल्ली की विशेष अदालत आज राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद और उनके परिवार के कई सदस्य सहित अन्य आरोपियों पर आरोप तय करने पर फैसला सुनाएगी।

---

पछुआ हवा के प्रभाव से पटना सहित पूरे प्रदेश के तापमान में तेजी से बदलाव हो रहा है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट होने से ठंड में बढ़ोतरी हुई है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की और गिरावट आ सकती है। वहीं, अगले दो दिनों के दौरान पटना, शिवहर, गोपालगंज, सीवान, मुजफ्फरपुर, किशनगंज, पूर्णिया, भागलपुर और गया सहित कई जिलों में सुबह और रात के समय हल्के से मध्यम स्तर का कोहरा छाये रहने की संभावना है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान आठ दशमलव चार डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ भागलपुर का सबौर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। वहीं, पटना का न्यूतनम तापमान चौदह डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

---

रेलवे ने दशमेश गुरू गोविंद सिंह जी महाराज के तीन सौ उनसठवें प्रकाश पर्व पर पटना साहिब स्टेशन पर अड़तीस ट्रेनों का ठहराव करने का निर्णय लिया है। पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि प्रकाश पर्व में शामिल होने के लिए श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए उन्नीस दिसम्बर से दो जनवरी के बीच इन ट्रेनों का पटना साहिब स्टेशन पर दो मिनट का अस्थाई ठहराव होगा।

---

बिहार पुलिस में सिपाही बहाली की परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों को ई–प्रवेश पत्र जारी कर दिया गया है। चार हजार तीन सौ इकसठ चालक सिपाही के लिए प्रारंभिक लिखित परीक्षा दस दिसम्बर को होगी। वहीं, उन्नीस हजार आठ सौ अड़तीस सिपाहियों के लिए दूसरे चरण की शारीरिक जांच परीक्षा और प्रमाण पत्र का सत्यापन पंद्रह दिसम्बर से शुरू होगा। वर्तमान बहाली के अंतर्गत मध निषेध उत्पाद और निबंधन विभाग में दारोगा, परिवहन विभाग में प्रवर्तन दारोगा, गृह विभाग में कारा सहायक अधीक्षक और पर्यावरण वन तथा जलवायु परिवर्तन विभाग में रेंज अधिकारी की बहाली के लिए लिखित परीक्षा भी इसी महीने होगी।

---

निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने कटिहार जिले के चार फर्जी नियोजित शिक्षकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवाई है। कोढ़ा थाने में एक जबकि आजमनगर थाने में तीन फर्जी शिक्षकों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया गया है। इन सभी शिक्षकों पर गलत प्रमाण पत्रों के आधार पर नौकरी लेने का आरोप है।

---

पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल, पीएमसीएच में डॉक्टर और मरीज के परिजनों के बीच हुई झड़प के बाद जूनियर डॉक्टर हड़ताल पर चले गए हैं। घटना के विरोध में डॉक्टरों ने ओपीडी और अन्य सेवाएं बंद कर दिया है।

---

मध्य प्रदेश के इंदौर में आयोजित उनहत्तरवीं राष्ट्रीय स्कूल गेम्स के अंडर–फोर्टीन एथेलेटिक्स मुकाबले में बिहार के सुरज कुमार यादव ने स्वर्ण पदक जीता है। सुरज ने अस्सी मीटर की दौड़ में यह सफलता प्राप्त की है। वहीं, बालिका वर्ग की ऊंची कूद स्पर्धा में बिहार की यासमिन परवीन ने कांस्य पदक जीता है।

बिहार क्रिकेट ऐसोसिएशन ने विजय मर्चेंट अंडर –सिक्सटीन क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए पंद्रह सदस्यीय टीम की घोषणा की है। मध्य प्रदेश के ग्वालियर में आयोजित होने वाली इस टूर्नामेंट मे अरवल के यश राज बिहार टीम का नेतृत्व करेंगे, जबकि शिवहर के विवेक आनंद उप कप्तान होंगे।

बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय विद्यालय बालिका खो–खो प्रतियोगिता में मगध और सारण की टीम ने जीत दर्ज की है।

---

अररिया के टाऊन हॉल में कला, संस्कृति एवं युवा विभाग तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया। विभिन्न कला एवं प्रतिस्पर्धात्मक विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेनवाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

अरवल जिले में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांगजनों को सहायता उपकरण प्रदान किया गया। इधर, किशनगंज में एक भव्य कार्यक्रम में दिव्यांगों के बीच पैंतीस बैटरी चालित ट्राइसाइकिल वितरित की गई।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है – महिला रोजगार, फ्री बिजली पर खर्च होंगे सत्ताईस हजार करोड़। बिहार विधानमंडल के दोनों सदनों में द्वितीय अनुपूरक बजट पेश।

**दैनिक जागरण** लिखता है – उच्च शिक्षण संस्थानों में बदली तस्वीर। सामान्य श्रेणी से अधिक हुए आरक्षित वर्ग के छात्र। अखबार लिखता है – शिक्षण संस्थानों में आरक्षण का असर।

**दैनिक भास्कर** ने मोबाइल ऐप सर्विस लांच से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुए लिखा है – बैकफुट पर सरकार, संचार साथी ऐप अनिवार्य करने का आदेश वापस।

**प्रभात खबर** ने अगले साल सरकारी स्कूलों में छुट्टी से जुड़ी खबर को अपनी सुर्खी बनाते हुए लिखा है – अगले साल पचहत्तर दिन बंद रहेंगे सरकारी स्कूल।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. जदयू के वरिष्ठ नेता नरेंद्र नारायण यादव बिहार विधानसभा के उन्नीसवें उपाध्यक्ष होंगे। आज होगी निर्वाचन की औपचारिक घोषणा।

02. विधानमंडल के दोनों सदनों में आज राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा और सरकार का उत्तर होगा।

03. बाल विवाह मुक्त भारत के लिए सौ दिन के गहन जागरूकता अभियान की हो रही है आज से औपचारिक शुरूआत।

04. और, पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर ठंड में बढ़ोतरी। मौसम विभाग का पूर्वानुमान– अगले चौबीस घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की और गिरावट की संभावना।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।